# हे श्याम प्रभु मेरी ये विनती सुन लेना लिरिक्स

हे श्याम प्रभु मेरी,
ये विनती सुन लेना,
तेरी सेवा करने का,
मुझको अवसर देना।bd।

तर्ज – होंठों से छू लो।

---

अरमान अधूरे है,
ये दिल बड़ा प्यासा है,
ये प्रेम का सौदा है,
नहीं खेल तमाशा है,
इस तू ही समझता है,
दूजे को क्या कहना,
हें श्याम प्रभु मेरी,
ये विनती सुन लेना।bd।

---

जो रोग लगा बैठा,
ना इसकी दवाई है,
मन की व्याकुलता ही,
इसकी सच्चाई है,
प्रभु तेरी यादों में,
झर झर बरसे नैना,
हें श्याम प्रभु मेरी,
ये विनती सुन लेना।bd।

---

छोटे से जीवन में,
मैं क्या कर पाउँगा,
यदि फिर से जनम मिलेगा,
धरती पर आऊंगा,
तेरे गुण गाने का,
मुझको अवसर देना,
हें श्याम प्रभु मेरी,
ये विनती सुन लेना।bd।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com
इस पगले बिन्नू को,

बस यही तमन्ना है,
हर जन्मो में तुझको,
प्रभु ध्यान ये रखना है,
जो भाव भरे दिल में,
यूँ ही भरते रहना,
Bhajan Diary Lyrics,
हें श्याम प्रभु मेरी,
ये विनती सुन लेना।bd।

---

हे श्याम प्रभु मेरी,
ये विनती सुन लेना,
तेरी सेवा करने का,
मुझको अवसर देना।bd।

Singer – Harshit Malik

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com